# साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा (रोहतक)

वार्षिक प्रतिवेदन (2022—2023)

का विमोचन

प्रोफेसर एस0 पी0 खटकड़, मुख्य अतिथि और प्रोफेसर विनोद बाला तक्षक व कैप्टन जगबीर बड़क, विशिष्ट अतिथि के कर कमलों द्वारा

दिनांक 05 मई 2023 (शुक्रवार) के दिन किया गया।

प्रस्तुतकर्ता :—
डा0 सीमा जैन
प्राचार्या

निवदेक
समस्त महाविद्यालय स्टॉफ

# साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)

## वार्षिक प्रतिवेदन (2022—2023)
## प्रथम वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह
## प्रस्तुतकर्ता :— डा0 सीमा जैन, प्राचार्या

### महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचयः

ग्रामीण आंचल की छात्राओं को गुणवता पूर्ण शिक्षा देने के लिए वर्ष 2014 में हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा के सबसे बड़े गॉव मोखरा में **राजकीय महिला महाविद्यालय** की स्थापना की गई। प्रारम्भिक सत्र 2014—2015 में 93 छात्राओं के प्रवेश के साथ **राजकीय महिला महाविद्यालय** के रुप में इस संस्था की स्थापना हुई। विभागीय आदेशानुसार वर्ष 2017 में इस महाविद्यालय का नाम बदलकर **साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय, मोखरा (रोहतक)** कर दिया गया। और वर्तमान में कॉलेज ने रोहतक और महम नगरीय क्षेत्र के ग्रामीण आंचल की छात्राओं को गुणवता परक शिक्षा देकर अपना नाम अर्जित किया है।

### महाविद्यालय परिवारः

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय कुल 220 छात्राऐं है। महाविद्यालय में इस समय 11 नियमित प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएँ है। कार्यालय मे एक उप—अधीक्षक, एक लिपिक, एक स्टैनो, 1 एल0 ए0 तथा 6 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत है।

### टिंचिग स्टाफः

1 श्रीमति सुनीता धनखड़, प्राध्यापिका, राजनितिक विज्ञान विभाग।

2 श्रीमति पूनम, प्राध्यापिका, अर्थशास्त्र विभाग।

3 श्रीमति रचना देवी, प्राध्यापिका, गणित विभाग।

4 कुमारी कविता आनन्द, प्राध्यापिका, कॉमर्स विभाग।

5 श्रीमति सोनिया, प्राध्यापिका, इतिहास विभाग।

6 श्रीमति महक, प्राध्यापिका, अर्थशास्त्र विभाग।

7 श्री सुरेश कुमार, प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग।

8 श्री राजेश कुमार, प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा विभाग।

9 श्री ईश्वर सिंह, प्राध्यापक, इतिहास विभाग।

10 श्री संदीप कुमार, प्राध्यापक, हिन्दी विभाग।

11 डा0 विनोद कुमार, प्राध्यापक, भूगोल विभाग।

<u>कम्पयूटर स्टॉफः</u>

1 श्री कृष्ण यादव, अनुदेशक।

2 श्री रविन्दर कुमार, कम्पयूटर लैब सहायक।

<u>नॉन–टिचिंग विभागः</u>

1 रुपेश कुमार, उप–अधीक्षक।

2 श्री संदीप कुमार, सहायक।

3 श्रीमति प्रभा, स्टैनो–टाईपिस्ट।

4 श्री परमजीत, लिपिक।

5 श्री आशिष कुमार, एल0 ए0।

<u>चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीः</u>

1 श्री प्रवीण कुमार, सुख–सहायक।

2 श्री सुखबीर सिंह, सुख–सहायक।

3 श्री मन्नू, माली।

4 श्री दीपक, स्वीपर।

5 श्री प्रमोद, चौकीदार।

6 श्रीमति मुन्नी, स्वीपर।

<u>आई0 क्यू0 ए0 सी0 प्रकोष्ठः</u>

महाविद्यालय में यू0 जी0 सी0 के नियामानुसार डा0 विनोद कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल देख– रेख में **IQAC Cell** का कार्य पूरी मेहनत के साथ किया जा रहा है।

बर्सरः

किसी भी संस्था के कुशलता पूर्वक कार्य करने में उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करना एक महत्वपूर्ण आयाम होता है। साक्षी मलिक राजकीय कन्या महाविद्यालय मोखरा में आर्थिक संसाधनों का लेखा–जेखा और देखने का दायित्व श्री ईश्वर सिंह, सहायक प्रोफेसर इतिहास विभाग के पास है जो महाविद्यालय में बर्सर के रुप कार्य कर रहे है। जो अपना कार्य पूरी ईमानदारी के साथ कर रहे है।

पुस्तकालय एवं वाचनालयः

पुस्तकालय महाविद्यालय की आत्मा, बुद्विजीवियो की प्रयोगशाला व ज्ञान सरिता का उद्‌गम स्थल है। शिक्षा जगत में ज्ञानवर्धन हेतु हमारे पुस्तकालय में 2524 की संख्या पुस्तको का संग्रह है। हमारा पुस्तकालय पूर्णतः कम्पयूटरीकृत है। तथा पुस्तकों का आदान–प्रदान भी कम्पयूटर से किया जाता है।

पुस्तकालय के वाचानालय में 70 विधार्थियो के बैठने की भी सुविधा है। हमारे वाचानालय में हिन्दी के 3 समाचार पत्र आते है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में यू0 जी0 सी0 के विभिन्न ऑन–लाईन जर्नलस जिनसे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अन्र्तराष्ट्रीय चेतना से जुड़े रहने में सहयोग प्राप्त होता है। वर्तमान सत्र में 2 लाख रुपये की ग्रान्ट से 148000 का व्यय किया जिससे 1 लाख 15 हजार के फर्नीचर के अतिरिक्त लगभग 33 हजार रुपये की विभिन्न विषयों से संबधित पुस्तकें खरीदी गई। 3600 रुपये समाचारपत्रों पर खर्च किए गए। पुस्तकालय मे फोटोकापी तथा इन्टरनेट (वाई–फाई) सुविधा भी है।

मैंटर–मैंटी ग्रुपः

श्री **सुरेश कुमार सहायक प्रोफेसर**, अंग्रेजी विभाग की देख–रेख में महाविद्यालय में मैंटर ग्रुप बनाये गये है। हर महीने के शनिवार को विद्यार्थियो की मैंटर –मैंटी ग्रुप की कक्षा लगाई जाती है तथा उनसे महाविद्यालय से संबधित समस्याएँ पूछी जाती है। उनके निवारण हेतू आवश्यक कार्यवाही भी जाती ळें

## एन0 एस0 एस0 गतिविधियाँ:

महाविद्यालय में एन0 एस0 एस0 प्रभारी श्री सुरेश कुमार अंग्रेजी विभाग के नेतृत्व में एन0 ए... एस0 यूनिट अपना कार्य पूरी लग्न के साथ कर रही है। एन0 एस0 एस0 यूनिट के तहत दि... 19 जनवरी 2023 व 06 फरवरी 2023 को क्रमंश दो एक दिवसीय शिविरों का आयोजन कि... गया जिसमें छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई। दिनांक 09 फरवरी 20... को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की और से **Cleanliness Drive** विषय पर होने वाली वर्कशा... में हमारे महाविद्यालय की पांच छात्राओं ने हिस्सा लिया और दिनांक 15 फरवरी 2023 को मह... दयानन्द जयन्ती महोत्सव पर भी महाविद्यालय की 22 छात्राओं ने भाग लिया। इसके उपरा... महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के दिशा निर्देशानुसार महाविद्यालय की एन0 एस0 ए... यूनिट के तहत मोखरा गॉव में दिनांक 28 फरवरी 2023 से 06 मार्च 2023 तक सात दिवसी... एन0 एस0 एस0 शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के उद्घाटन समारोह में डॉ... किरण शर्मा, एसोशिऐट प्रोफेसर अंग्रेजी विभाग, रोहतक ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। एन... एस0 एस0 शिविर के समापन समारोह में प्रोफसर राजकुमार, प्रौगाम कौरडिनेटर, महर्षि दयानन्द... विश्वविद्यालय रोहतक ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई तथा लेफिनेंट अनिल, राजकीय... महाविद्यालय बड़ोता ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। दिनांक 25 अप्रैल 2023 को एन... एस0 एस0 यूनिट के अन्तर्गत कॉलेज फैस्ट एवम् म्यूजिक कौंसर्ट का आयोजन किया गया जिस... डॉ मुकेश वर्मा, एसोशिऐट प्रोफेसर, संगीत विभाग प0 नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्याल... रोहतक ने मुख्य अतिथि तथा श्रीमति ज्योति चौहान, सहायक प्राध्यापिका , संगीत विभाग, वैश्... महिला महाविद्यालय रोहतक ने विशिष्ट अतिथि की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में हरियाण... कला परिषद् रोहतक मंडल की और से सांस्कृतिक समूह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन मे... अपना योगदान दिया।

## महिला प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ:

महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्री सुरेश कुमार सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग की देखरेख में समय –समय पर महाविद्यालय में छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिए गतिविधियां होती रही है। छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिए मेहदीं कम्पीटीशन तथा **"Cook, Talk and Dine"** पर एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। फरवरी माह में विस्तृत व्याख्यानों का आयोजन किया गया जिनके मुख्य

विषय निम्न प्रकार से थे। **"राष्ट्र निर्माण में महिलाओं का योगदान" "महिला सशक्तिकरण" "Personality Development and Communication Skills"** "लैंगिक असमानता चुनौतियां एवम् **समाधान"** आदि विषयों पर विस्तृत व्याख्यान देकर समय–समय पर छात्राओं को जागरुक किया गया।

## सांस्कृतिक गतिविधियां:

सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रभारी श्रीमति सुनीता धनखड़ (राजनितिक विज्ञान विभाग) के नेतृत्व में महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया ।

01 नवम्बर 2022 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में हरियाणा दिवस के अवसर पर भाग लिया जिसमें कॉलेज की छात्राओं ने **हरियाणी व्यजंनो** को स्वयं बनाकर सबका मन मोह लिया। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित **जोनल युवा समारोह 2022–23 में कॉलेज ने कुल 8 प्रतियोगिताओं में भाग लिया।**

## प्लेसमेंट सेल:

**प्लेसमेंट सेल** के इन्चार्ज **डा0 विनोद कुमार** के निर्देशन में निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई :

1 महाविद्यालय की छात्राओं को दिनांक **03 फरवरी 2023 को डा0 दलबीर सिंह पण्डित नेकी राम शर्मा महाविद्यालय रोहतक के द्वारा ट्रेनिगं व प्लेसमेट फेयर में भाग लेने के छात्राओं को प्रोत्साहित किया।**

2 महाविद्यालय में 03 मार्च 2023, 04 मार्च 2023, 21 अप्रैल 2023, को विभिन्न प्रकार के विस्तृत व्याखनों का आयोजन किया गया जिसमें लगभग छात्राओं ने भाग लिया व कैरियर सम्बंधित **विभिन्न विकल्पों, इन्टव्यू , ग्रुप डिस्कशन, संचार कला, अंग्रेजी भाषा, वैदिक मैथस** पर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

ड्रग्स कमेटी की गतिविधियांः

डा0 विनोद कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल विभाग के द्वारा हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार सिंतम्बर महीने में मोखरा गांव में दो जागरुकता रैलियों का आयोजन किया गया और सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को नशा न करने के लिए शपथ दिलाई गई। डा0 विनोद कुमार के द्वारा धुम्रपान के नुकसान और ड्रग्स के उपयोग विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया।

हिन्दी साहित्य परिषदः

हिन्दी साहित्य परिषद् के इन्चार्ज श्री संदीप कुमार के निर्देशन में निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई : दिनांक 08/08/2022 को हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए पदयात्रा निकाली गई तथा दिनांक 13/08/2022 को आजादी का अमृत महोत्सव पर कविता पाठ, स्पीच, गीत, नृत्य प्रश्नोतरी प्रतियोगिताओं को आयोजन किया गया। भाषा सम्बन्धी विभिन्न विषयों को लेकर निबन्ध – लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी– दिवस अर्थात् 14 नम्बर 2022 को 'विचार विर्मश' प्रतियोगिता में ' हिन्दी भाषा का महत्व' विषय पर गर्म जोशी से भाग लिया। जिसमें निर्णायक की भूमिका श्रीमति सुनीता धनखड़, डा0 विनोद कुमार, श्री0 ईश्वर सिंह ने निभाई।

अंग्रेजी साहित्य परिषदः

इन्चार्ज श्री सुरेश कुमार की देख–रेख में अंग्रेजी साहित्य परिषद् में समय–समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस सत्र में **Poet Recitation, Speech Competition** व **Debat Competition** का आयोजन किया गया । जिसमें छात्र /छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

भूगोल विभाग की गतिविधियॉः

डा0 विनोद कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल विभाग के द्वारा छात्राओं के हितों के लिए समय–समय पर विभिन्न विषयों पर विस्तृत व्याख्यानों का आयोजन करवाया। भूगोल विभाग में छात्राओं के लिए सम्पूर्ण लैब की व्यवस्था है। छात्राओं को प्रौयोगिक परिक्षाओं के लिए सभी

सुविधाऐं उपलब्ध है। 15 सितंम्बर 2022 को सी0 डी0 एल0 यू0 भिवानी के सहायक प्रोफेसर श्री धर्मवीर आर्यव्रत और संस्कृत के सहायक प्रोफेसर सुरेन्द्र कुमार के द्वारा एक विस्तार व्याख्यानो को आयोजन किया गया तथा महात्मा गांधी की जंयन्ती विषय पर डा0 विनोद कुमार के द्वारा एक विस्तृत व्खायान का आयोजन करके छात्राओं को उनके नियमों को अपने जीवन पर लागू करने का आग्रह किया गया।

<u>इतिहास विभाग व कानूनी साक्षात्रता प्रकोष्ठ की गतिविधियॉः</u>

श्री ईश्वर सिंह प्राध्यापक इतिहास विभाग के द्वारा 01 दिसम्बर 2022 को महाविद्यालय में नये वोट बनवाने के लिए एक कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने अपने–अपने वोट बनवाए। दिनांक **20 फरवरी 2022 को जन –सूचना का अधिकार अधिनियम** के तहत विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और <u>दिनांक 14 मार्च 2023 को दहेज प्रथा पर एक संगोष्ठी व दिनांक 20 अप्रैल 2023 को जल शक्ति अभियान 2023</u> को **Poster making, Slogans Writing Compection** व एक व्याख्यान का भी आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने भाग लिया।

<u>सरकारी अनुदानः</u>

वर्तमान सत्र में **Earn While you learn** के अर्न्तगत 40,000/ रुपये पुस्तकालय के लिए 20,0000/रुपये, महिला प्रकोठ के लिए 25,000 रुपये प्रयोगशाला हेतू 18,000/ रुपये, खेल विभाग हेतू 10,000/ रुपये, प्लैसमेन्ट हेतू 11,500/– रुपये, OE 001 के लिए कमश : 160,000 रुपये का अनुदान हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग से प्राप्त हुआ जिसका यथोचित प्रयोग किया गया।

<u>**English Language Lab:**</u>

उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा महाविद्यालय में सत्र 2018–19 में English Language Lab की स्थापना की गई। <u>जिसमे 20 कम्पयूटर है तथा 220 विद्यार्थी इसका लाभ उठा रहें है।</u> इन्चार्ज श्री सुरेश कुमार की देख –रेख में अलग– अलग माध्यम जैसे CD, Audio –Visual aids द्वारा अंग्रेजी भाषा का ज्ञान दिया जाता है। इसका मुख्य उदे्श्य विद्यार्थियो का अंग्रेजी उच्चारण सुधारना तथा उन्हें Competition के लिए तैयार करना है।

कम्प्यूटर विभागः

इस विभाग में 1 अनुदेशक व 1 कम्प्यूटर सहायक कार्यरत है। महाविद्यालय में 1 कम्प्यूटर लैब है जिनमें 35 कम्प्यूटर व 15 प्रिंटर तथा दो बड़ी फोटो कापी मशीन है। लैब में सभी कम्प्यूटर नेटवर्किंग से जुड़े है तथा लैब में इन्टरनेट की सुविधा है। लैब में प्रोजेक्टर भी लगाया गया है जिसमें विद्यार्थियों को Presentation के माध्यम से शिक्षा दी जाती है।

Earn While You Learn स्कीम के अन्तर्गत महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सहायता राशि दी जाती है। जिसमें विद्यार्थी महाविद्यालय में खाली समय में काम करते है।

खेलकूद की उपलब्धियांः

महाविद्यालय में 6 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26 नवम्बर 2022 को हुआ। इसके संयोजक और ग्राउंड व्यवस्था को प्रबन्धक श्री संदीप कुमार सहायक प्रोफेसर हिन्दी के थे। इस प्रतियोगिता में 100 मीटर 200 मीटर दौड़ डिस्कस थ्रो, ज्वेलियन थ्रो, ऊँचीं कूद, लम्बीकूद, तीन टांग रैस, स्कीपिंग रेस नॉन–टिचिंग स्टाफ की रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में अन्तरीय महाविद्यालय बॉक्सिंग (महिला चैमपियनशिप दिनांक 27–28 अक्तूबर 2022 को आयोजित हुई। इसमें मीनू बी0 ए0 द्वितीय वर्ष ने 57 किलाग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करके सिलवर मैंडल प्राप्त किया।

व्यक्तिगत उपलब्धियांः

श्री संदीप कुमार प्राध्यापक हिन्दी विभाग, ने इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी, में आयोजित हरियाणा ग्रन्थ अकादमी, पंचकूला द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 15 मार्च 2023 को शोध–पत्र का विषय–साहित्य, संस्कृति व योग को संगोष्ठी में वचन किया गया तथा दिनांक 17–18 मार्च 2023 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा (सोनीपत) में शोध–पत्र प्रस्तुत किया। दिनांक29 मार्च 2023 को भी लालनाथ कॉलेज रोहतक में "वैश्वीकरण के दौर में बाजीकरण का साहित्य पर प्रभाव" डाला। ब्रिगेडियर रनसिंह राजकीय कॉलेज दुजाना (झज्जर) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

श्री ईश्वर सिंह प्राध्यापक इतिहास विभाग ने दिनांक 17 अगस्त 2023 को शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार में हिस्सा लिया तथा 04 फरवरी 2023 को राजकीय महाविद्यालय बड़ौता (गोहाना) ने महिला सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय नेशनल सेमिनार में हिस्सा लिया। दिनांक 16 मार्च 2023 को राजकीय महाविद्यालय दुबलधन झज्जर में व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा दिनाक 24 मार्च 2023 को एक दिवसीय नेशनल सेमनिार में हिस्सा लिया।

डा0 विनोद कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल विभाग के द्वारा दिनांक 04 फरवरी 2023 राजकीय महाविद्यालय बरोटा में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिस्सा लिया तथा 14 फरवरी 2023 को गुरुग्राम, सिंधरावली राजकीय महाविद्यालय पीजी कॉलेज को भूगोल विभाग हरियाणा के ग्रामीणो क्षेत्रों में आयोजित अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में (हरियाणा) सुरक्षित पेयजलनामक पेपर/ पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। दिंनाक 17 फरवरी 2023 को राजकीय महाविद्यालय सांपला में जनसंख्या –सामाजिक विज्ञान मे खादय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अतीत से संतुलन वर बहस वर्तमान तक एक संक्षिप्त अवलाकन शीर्षक से पेपर प्रस्तुत किया तथा दिनांक 16 मार्च 2023 को अर्थशास्त्र, झज्जर के भूगोल, दुबलधन को राजकीय महाविद्यालय और इतिहास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। दिनांक 17 मार्च 2023 को राजकीय महाविद्यालय बरोटा में सात दिवसीय एन0 एन0 शिविर में मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई तथा 3 अप्रैल 2023 को भी जाट कन्या महाविद्यालय में भी सात दिवसीय एन0 एन0 शिविर में विस्तृत व्याख्यान दिया।

उपर्युक्त विवरण के उपरान्त मै, गॉव से आए हुए सभी महानुभावों मुख्य अतिथिओं व विशिष्ट अतिथि महोदय का जिन्होनें महाविद्यालय की प्रगति में सहयोग दिया है, अत्यन्त आभारी हूँ।

मै अपने विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद करता हूँ/करती हूँ तथा पूर्ण आशा रखता हूँ कि वे भविष्य मे भी महाविद्यालय मे शैक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों हेतू स्वस्थ वातावरण बनाऐ रखेगे। मै अपने विद्यार्थियों को आगामी वार्षिक परीक्षाओं मे आशातीत सफलता हेतू शुभकामनाऍ देता हूँ।

मै अपने अनुभवी एवं कर्मठ प्राध्यापकवृन्द एवं समस्त कर्मचारी वर्ग का धन्यवाद करता/करती हूँ।